## सिटी ब्रीफ

### शिक्षणेत्तर कर्मचारी एक अप्रैल को मनाएंगे काला दिवस

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद ने नई पेंशन योजना के विरोध में एक अप्रैल को 'काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष हरी शंकर के नेतृत्व में शिक्षणेत्तर कर्मचारी काली पट्टी बांधकर सरकार की नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराएंगे। जिलाध्यक्ष का कहना है कि 1 अप्रैल 2005 को पुरानी पेंशन खत्म कर कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय किया गया है। इससे सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन अनिश्चितताओं से भर गया है। एनपीएस बाजार आधारित होने के कारण कर्मचारियों में असुरक्षा और मानसिक तनाव बढ़ा रही है।

### आरोग्य मेला : त्वचा और बुखार रोगियों की संख्या रही अधिक

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में सभी सीएचसी और पीएचसी पर रविवार को आयोजित आरोग्य मेले में त्वचा और बुखार रोगियों की संख्या अधिक रही। 3259 मरीजों ने मेले में पंजीकरण कराकर उपचार प्राप्त किया। मेले में 488 त्वचा व 388 बुखार रोगी आए। खांसी-जुकाम, पेट दर्द आदि के भी मरीज पहुंचे।

## शहर में आज

- ईपीएस 95 पेंशन योजना के आह्वान पर पेंशनर्स भविष्य निधि कार्यालय पर देंगे ज्ञापन दोपहर 12 बजे।
- शशि सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से फाग महोत्सव एवं पद्मावत सम्मान समारोह खुशहाली सभागार में दोपहर 3 बजे।
- भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर जैन मंदिर रामपुर गार्डन से शोभायात्रा सुबह 9 : 30 बजे।
- कायस्थ सेना कल्याण परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा वृद्धाश्रम लाल फाटक पर दोपहर 3 बजे से।
- पीलीभीत बाईपास स्थित बेदी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव शाम 5 :30 बजे।

## मौसम : बढ़ा तापमान आज बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** बरेली में मौसम लगातार करवट ले रहा है। रविवार को तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद बरेली सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ हो गया है। तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हुई है। हालांकि, नए पश्चिमी विक्षोभ का असर अब उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में दिखने लगा है। इसके प्रभाव से बरेली समेत प्रदेश के कई हिस्सों में सोमवार से मौसम फिर बदलने की संभावना है। 31 मार्च तक मेघगर्जन, वज्रपात और झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 1 अप्रैल के बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

## श्रद्धा और उल्लास



पाम संडे पर शहर में निकले जुलूस में बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोगों ने भाग लिया। (संबंधित खबर पेज II पर) ● अमृत विचार


# मार्च क्लोजिंग... नगर निगम के खजाने में धनवर्षा

## 131 करोड़ के लक्ष्य के करीब पहुंचा निगम, बिजली, स्टांप और पुलिस विभाग ने भारी बकाया चुकाकर भरी झोली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति की ओर बढ़ते ही नगर निगम के खजाने में धनवर्षा शुरू हो गई है। बकाया संपत्ति कर जमा करने के लिए निगम कार्यालय के काउंटरों पर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं। डिजिटल माध्यमों से भी रिकॉर्ड भुगतान किया जा रहा है। सबसे बड़ी राहत सरकारी महकमों से मिली है। हाल ही में बिजली विभाग ने 9.24 करोड़, स्टांप विभाग ने 17 करोड़, पुलिस विभाग ने 99 लाख और कलेक्ट्रेट ने 68 लाख रुपये का बकाया भुगतान कर दिया है। इस तरह सरकारी महकमों से 26 करोड़ की वसूली हुई।

शासन ने इस बार राजस्व वसूली के लिए नगर निगम को 131.56 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया था। वर्तमान आंकड़ों और बड़े सरकारी विभागों से मिले भारी-भरकम भुगतान को देखते हुए अधिकारियों को पूरा भरोसा है कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्त होने तक इस आंकड़े को पार कर लिया जाएगा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी का कहना है कि राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान रंग ला रहा है। 22 मार्च तक आंकड़ा 128 करोड़ के पार पहुंच गया है। बड़ी संख्या में लोग निगम की वेबसाइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर घर बैठे ही बिलों का निपटान कर रहे हैं। एक अप्रैल से बकाया राशि पर नियमानुसार ब्याज लगाया जाएगा। इसी पेनाल्टी से बचने के लिए करदाता समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



नगर निगम में कैश काउंटर पर टैक्स जमा करते करदाता। ● अमृत विचार

- **अधिकारी बोले-पिछले तीन वर्षों का टूटा रिकॉर्ड, 128 करोड़ तक पहुंचा राजस्व का आंकड़ा**
- **वेबसाइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी घर बैठे बिल जमा कर रहे लोग**

> राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए विभाग विशेष अभियान चला रहा है। करदाताओं से अपील है कि वे 31 मार्च तक अपना संपति कर अवश्य जमा कर दें, क्योंकि 1 अप्रैल से बकाया राशि पर नियमानुसार अतिरिक्त ब्याज लगाया जाएगा। बिजली, स्टांप और पुलिस जैसे बड़े विभागों से मिला बकाया भुगतान बड़ी उपलब्धि है। निगम का 131 करोड़ का लक्ष्य समय सीमा के भीतर पार कर लिया जाएगा।
>
> **-संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

### निगम की आय में निरंतर उछाल

पिछले तीन वर्षों के आंकड़ों पर गौर करें तो नगर निगम के राजस्व में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल वसूली 80 .45 करोड़ रुपये थी, जो 2024-25 में बढ़कर 109 .70 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इस वर्ष विभाग ने 28 मार्च तक ही 128 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि 31 मार्च तक यह ग्राफ और ऊपर जाएगा, जो विकास कार्यों के लिए शुभ संकेत है।

## पहले दिन नवी मुंबई की फ्लाइट से बरेली आएंगे 170 यात्री

**बरेली, अमृत विचार :** सोमवार से बरेली-नवी मुंबई फ्लाइट का संचालन शुरू हो रहा है। नवी मुंबई से पहली फ्लाइट दोपहर 1.35 बजे सिविल एंक्लेव (बरेली एयरपोर्ट) पर लैंड करेगी। इस फ्लाइट में नवी मुंबई से करीब 170 यात्री बरेली आएंगे।

- **नवी मुंबई से फ्लाइट दोपहर में एयरपोर्ट पर लैंड होगी**

186 सीटर एयरक्राफ्ट से यात्री बरेली के लिए उड़ान भरेंगे। बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि अब बरेली से मुंबई के लिए संचालित फ्लाइट 30 मार्च से बंद हो गयी है। मुंबई की जगह नवी मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू की गयी है। नवी मुंबई से फ्लाइट दोपहर 1:35 बजे बरेली एयरपोर्ट पर लैंड होगी, इसके बाद करीब 45 मिनट रुककर 2:20 बजे नवी मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। यहां से भी फ्लाइट फुल बतायी गयी है।

## औद्योगिक गलियारा को एक हजार हेक्टेयर भूमि अर्जन की कवायद शुरू




कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली-बदायूं हाईवे व गंगा एक्सप्रेस-वे के मध्य भमोरा क्षेत्र में चार गांवों की भूमि चिह्नित**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने की दिशा में औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के लिए सरकार उद्यमियों को गंगा एक्सप्रेस-वे के नजदीक ऐसा औद्योगिक क्षेत्र उपलब्ध करा रही है, ताकि कंपनियों को इकाइयां लगाने में आसानी हो सके। ट्रांसपोर्ट व्यवस्था बेहतर बन सके। इन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बरेली में औद्योगिक गलियारा बसाने की कवायद तेज हो गई है। एक हजार हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए मंजूरी मिलने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भमोरा क्षेत्र में चार गांवों की भूमि को चिह्नित किया है। यह भूमि बरेली-बदायूं हाईवे और गंगा एक्सप्रेस-वे के मध्य में है। इससे निवेशकों को ट्रांसपोर्ट में दिक्कत नहीं होगी।

भमोरा क्षेत्र में चार गांवों की भूमि चिह्नित करने के बाद यूपीडा के अधिकारियों को इस संबंध में जिलाधिकारी की ओर से प्रारंभिक जानकारी दे दी गयी है। डीएम अविनाश सिंह का कहना है कि औद्योगिक गलियारा बसाने के लिए भूमि चिह्नित की है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में यूपीडा के अधिकारियों के आने पर चिह्नित भूमि पर फाइनल मुहर लगेगी।

दरअसल, जनपद में एक हजार हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक गलियारा बनाने की मंजूरी मिली है। यह औद्योगिक गलियारा निर्माणाधीन, प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर बनाया जाएगा, जहां से औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार का पत्र मिलने के बाद भूमि को चिह्नित किया गया था। औद्योगिक गलियारा बनने से जहां उद्योग धंधों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं हजारों युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे।

## बरेली को ग्लोबल लुक देंगी दो नई टाउनशिप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- **150 करोड़ से 12 गांवों की जमीन पर बनेंगी टाउनशिप**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत बरेली को नोएडा और ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर विकसित करने के लिए 150 करोड़ का भारी-भरकम बजट जारी कर बड़े बदलाव की नींव रखी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) को मिले इस ''बूस्टर डोज'' से अब शहर के बाहरी इलाकों में दो ऐसी हाईटेक टाउनशिप सिर उठाएंगी, जो न केवल बरेली का भूगोल बदल देंगी, बल्कि यहां के निवासियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं का अहसास कराएंगी।

बीडीए की विशेष कार्याधिकारी नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि बरेली का यह नया विस्तार पूरी तरह से प्लान्ड सिटी के कॉन्सेप्ट पर आधारित होगा। इसके लिए शहर के आसपास 12 गांवों को चिह्नित किया है, जिनमें आसपुर खूबचंद, अड़ूपुरा जागीर, अहिलादपुर, बरकापुर, कुम्हरा, कलापुर, मोहरनियां, नवदिया कुर्मियान और हरहरपुर जैसे इलाके शामिल हैं। इन टाउनशिप में चौड़ी सड़कें और 24 घंटे बिजली-पानी के अलावा स्मार्ट ड्रेनेज सिस्टम, अंडरग्राउंड बिजली लाइनें और बड़े पार्क विकसित किए जाएंगे, जो बरेली को एक ग्लोबल लुक देंगे। इस परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण इसका ''सेल्फ-सस्टेनबल'' मॉडल है। प्राधिकरण की योजना टाउनशिप को केवल रिहायशी इलाकों तक सीमित रखने की नहीं है, बल्कि यहां कमर्शियल हब, स्कूल, अस्पताल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए भी अलग से जोन निर्धारित किए गए हैं। शासन से यह धनराशि 20 साल के आसान ऋृण पर मिली है, जिसका सीधा मतलब है कि बीडीए बिना किसी वित्तीय दबाव के किसानों को समय पर मुआवजा दे सकेगा। फिलहाल, बीडीए उक्त 12 गांवों में जमीन की पैमाइश और सर्वे की कार्रवाई को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

### आसमान छुएंगे जमीन के दाम

बीडीए को मिले 150 करोड़ के इस बजट ने बरेली के रियल एस्टेट मार्केट में हलचल तेज कर दी है। जिन 12 गांवों की जमीन अधिग्रहित होनी है, वहां प्रॉपर्टी के दामों में भारी उछाल की संभावना है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता को देखते हुए यहां नोएडा की तर्ज पर अंडरग्राउंड बिजली लाइनें, चौड़ी सड़कें और स्मार्ट ड्रेनेज जैसी सुविधाएं होंगी। ऐसे में भविष्य के लिए आशियाना या निवेश के लिए यह इलाका फायदे का सौदा होगा।

> बरेली का औद्योगिक ग्राफ और बढ़ता निवेश नई टाउनशिप की मांग बढ़ा रहा है। इसके लिए बजट मिल चुका है। जैसे ही जमीन का कब्जा प्राधिकरण के पास आएगा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम शुरू कर दिया जाएगा। आने वाले कुछ वर्षों में बरेली का यह हिस्सा आधुनिक स्मार्ट सिटी के रूप में चमकता नजर आएगा, जो न केवल रहने के लिए बेहतरीन होगा बल्कि निवेश के लिए भी प्रदेश का नया हॉटस्पॉट बनेगा।
>
> **- डा. मनिकंडन. ए**, बीडीए उपाध्यक्ष

## चूहे ने गुल कर दी हजारों घरों की बिजली, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सराय तल्फी सबस्टेशन के इनकमिंग पैनल में चूहा घुसने से हुआ ब्लास्ट**

**अमृत विचार :** चूहे ने करगैना क्षेत्र में हजारों घरों की बिजली गुल कर दी। शनिवार रात से रविवार दोपहर तक कई इलाकों में बिजली संकट रहा। वहीं शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट व ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे। शिकायतें रामपुर गार्डन स्थित हेल्प डेस्क पर पहुंचती रहीं।

शहरी क्षेत्र से सटे ग्रामीण सबस्टेशन सराय तल्फी सबस्टेशन से देहात के अलावा शहर में भी आपूर्ति दी जाती है। इस सबस्टेशन पर शनिवार रात 11 बजे 11 केवी इनकमिंग पैनल नंबर 2 में चूहा घुस जाने से ब्लास्ट हुआ। जिसके चलते अर्बन और करगैना फीडर के दो हजार उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई। करगैना, करेली, इटौआ सुखदेव पुर और अन्य जगह पर रविवार दोपहर के बाद पैनल में हुए फाल्ट को ठीक कराकर आपूर्ति को बहाल कराई जा सकी। इसके अलावा रविवार शाम को महानगर क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। सुभाषनगर क्षेत्र के भी कई इलाकों में लोकल फाल्ट के चलते आपूर्ति बाधित रही। सिविल लाइंस तृतीय, कुतुबखाना और डेलापीर इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

> शनिवार रात पैनल में चूहा घुसने से ब्लास्ट होने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई थी। रविवार को फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति सुचारू कर दी गई।
>
> **-अंकित द्विवेदी**, एसडीओ फतेहगंज पश्चिमी

## बरेली एयरपोर्ट पर मुफ्त मिलेगी फ्लाइब्रेरी और वाई-फाई की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- **केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन**

**अमृत विचार :** सिविल एन्क्लेव (बरेली एयरपोर्ट) पर यात्रियों के लिए फ्लाइब्रेरी में किताबें पढ़ने के साथ वाई-फाई सुविधा भी फ्री में मिलेगी। रविवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने वर्चुअल माध्यम से नई सुविधाओं का उद्घाटन किया।

इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा के दौरान पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना और सकारात्मक अनुभव प्रदान करना है। यात्री अपनी पसंद की पुस्तक पढ़ सकते हैं और चाहें तो अपनी पुस्तकें दान कर अन्य यात्रियों के लिए उपलब्ध करा सकते हैं। इस अवसर पर टर्मिनल भवन में स्थित कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया और डिजिटल माध्यम से विभिन्न हवाई अड्डों पर चल रही सुविधाओं का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल, उनकी टीम, यूपीएसएसएफ के सुरक्षा कार्मिक एवं इंडिगो एयरलाइन का स्टाफ उपस्थित रहा। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि नई सुविधाएं हवाई यात्रा के अनुभव को और अधिक सुखद और उपयोगी बनाएंगी।

बाइपोलर डिसऑर्डर डे | माता-पिता से बच्चों में 40 प्रतिशत तक जोखिम, ऐसे मरीजों की हो रही काउंसलिंग

## बाइपोलर डिसऑर्डर की वजह है तनाव और नशा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिला अस्पताल के मन कक्ष में हर माह पहुंचते हैं बाइपोलर डिसऑर्डर के करीब 100 मरीज**

**अमृत विचार :** मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर बीमारी बाइपोलर डिसऑर्डर तेजी से लोगों को प्रभावित कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार यदि माता-पिता में यह बीमारी है तो बच्चों में खतरा करीब 40 प्रतिशत बढ़ जाता है। तीव्र तनाव और नशे की लत भी इस बीमारी का जोखिम बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है।

जिला अस्पताल के मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष सिंह ने बताया कि बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जो व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित करती है। इसमें मरीज कभी अत्यधिक खुशी और ऊर्जा से भर जाता है, तो कभी गहरे अवसाद में चला जाता है। इस कारण उसकी सामान्य दिनचर्या भी प्रभावित हो जाती है। ये दो तरीके से काम करता है। पहले तरीके में मैनिक एपिसोड के दौरान व्यक्ति खुद को बेहद खुश, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी महसूस करता है। उसे नींद की जरूरत कम लगती है और वह बिना सोचे-समझे फैसले लेने लगता है, जिससे कई बार वह मुश्किल में पड़ जाता है। वहीं दूसरे तरीके में डिप्रेसिव एपिसोड में व्यक्ति गहरी उदासी, निराशा, कम ऊर्जा, ध्यान की कमी और पहले पसंद आने वाली चीजों में रुचि खत्म होने जैसे लक्षण महसूस करता है। कई मामलों में आत्महत्या के विचार भी आने लगते हैं, जो स्थिति को और गंभीर बना देते हैं। जिला अस्पताल के मन-कक्ष में हर महीने करीब 90 से 100 मरीज आते हैं। मरीजों को दवा और काउंसलिंग से उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि नींद न आना, अचानक वजन में बदलाव, अत्यधिक खुशी या गहरी उदासी, आत्महत्या के विचार जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।






> मौसम बदलता है तो यह बीमारी भी बढ़ती है। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को दवाई और काउंसलिंग से बहुत तेजी से लाभ मिलता है।
>
> **-डॉ. आशीष सिंह**, मन कक्ष प्रभारी

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# गाली दी...इसलिए शिवा को मार दिया

## घर से बुलाकर ले गए थे, पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन को किया गिरफ्तार




कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इंटर के छात्र शिवा की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि शिवा ने गाली देते हुए सिर में कड़ा मारकर घायल कर दिया था। इससे नाराज गौरव ने साथियों की मदद से शिवा की हत्या करने की योजना बनाई और घर से बुलाकर ले जाकर चाकू से गोद दिया। पुलिस ने चाकू बरामद कर लिया।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अशोक बिहार कॉलोनी निवासी इंटर के छात्र शिवा पटेल को शुक्रवार की शाम को उसके दोस्त घर से बुलाकर ले गए थे। उसके बाद चाकू से कई वार कर फरार हो गए थे।

घायल शिवा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई थी। शिवा के पिता केहरी सिंह की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने पांच नामजद समेत तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की। रविवार को पुलिस ने विलय धाम पुल के पास से गौरव, पारस, और रचित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर इज्जतनगर बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि छात्र की हत्या के मामले में चोरों आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू भी बरामद किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद चाकू। ● अमृत विचार

● आरोपियों के पास से चाकू बरामद, भेजे गए जेल

### गौरव ने चाकू से ताबड़तोड़ वार किए

मुख्य आरोपी गौरव ने बताया कि 27 मार्च को शिवा पटेल ने घर आते समय रास्ते में उसे गाली दी थी। इसके बाद उसने अपने साथी पारस, रचित और कृष्णा को फोन कर बुलाया। मानव को शिवा के घर भेजकर उसे बुलाया और चार खंभा रोड पर ले गए। पूछा कि उसने गाली क्यों दी, जिस पर शिवा ने सिर पर कड़ा मार दिया था जिससे वह लहूलुहान हो गया था। उसके बाद मानव, पारस, रचित और कृष्णा ने उसे पकड़ लिया। गौरव ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

# युवक से मारपीट करने का ऋषभ का एक और वीडियो वायरल, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खुद को हिंदू संगठन का नेता बताने वाले ऋषभ ठाकुर का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह एक दूसरे समुदाय के युवक के साथ मारपीट करता नजर आ रहा है। पास में युवक व युवती भी दिख रहे हैं, जो अलग-अलग समुदाय के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

राजेंद्र नगर स्थित एक कैफे में दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रही छात्रा के साथियों के साथ ऋषभ ठाकुर और उसके साथियों ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए मारपीट की थी। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। प्रेमनगर पुलिस मामले में ऋषभ को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी, लेकिन ऋषभ ने कोर्ट में सरेंडर किया था। जमानत पर वह बाहर आया तो सुभाषनगर पुलिस ने जिला बदर कर उसे बदायूं की सीमा पर छोड़ा था। बारादरी क्षेत्र में एक स्पा सेंटर से रंगदारी मांगने के आरोप में आरोपी ऋषभ को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा था। बताते हैं कि ऋषभ ने कैंट क्षेत्र में दूसरे समुदाय के युवक के साथ मारपीट की और घटना का वीडियो खुद ही सोशल मीडिया पर साझा किया, जो रविवार को वायरल हो गया। वीडियो में कहा गया कि कैंट क्षेत्र में लव जिहाद के आरोपी को उसने सबक सिखाया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी ऋषभ ठाकुर। ● अमृत विचार

● कैंट क्षेत्र का बताया जा रहा वीडियो, ऋषभ को किया जा चुका है जिला बदर

> जिला बदर ऋषभ ठाकुर और उसके साथियों द्वारा ढिरिया निजावत खां निवासी लड़के की पिटाई करने का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई है।
> **राजेश कुमार,** इंस्पेक्टर कैंट

# घर में घुसकर आठ साल की बच्ची से की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में युवक ने घर में घुसकर आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च की रात करीब 10:30 बजे वह अपने कमरे में थी। उसकी आठ साल की बेटी घर के अंदर खेल रही थी। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला अमित उसके घर में घुस आया और बच्ची को पकड़ कर ऊपर कमरे में ले गया। आरोपी ने बच्ची के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने बच्ची को धमकाया। इसके बाद बच्ची ने मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद बच्ची की मां ने थाने में जाकर तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ लिया है।

# 'मौत के नाले' पर किए जा रहे सुरक्षा इंतजाम

● तौहीद की मौत के बाद जागे नगर निगम के अफसरों ने सेटेलाइट पर नाले पर शुरू कराया काम

● लोहे का जाल लगाने का काम शुरू, सुरक्षा दीवार बनाई, अब सफाई के लिए खुल और बंद हो सकेगा लोहे का जाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सेटेलाइट बस स्टैंड के नाले में गिरकर हरदोई निवासी ट्रक चालक तौहीद की मौत के बाद नगर निगम ने रविवार को सुरक्षा के इंतजाम शुरू कर दिए। नाले के स्थान को लोहे के मजबूत जाल से सुरक्षित करने का काम किया जा रहा है। श्रमिकों ने नाले के पास टूटे पत्थरों को हटाकर वहां लोहे का सुरक्षा कवच बिछाने का कार्य किया। निगम अब पुलिस चौकी के पीछे वाले हिस्से को भी लोहे के जाल से पूरी तरह कवर करने की तैयारी में है, ताकि भविष्य में कोई और राहगीर इस मौत के कुएं का शिकार न बने।

चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी के अनुसार सेटेलाइट स्थित इस नाले पर बना जंक्शन बॉक्स तकनीकी रूप से बेहद संवेदनशील है। यहां शाहजहांपुर रोड, पीलीभीत रोड और सिविल लाइन जैसे तीन प्रमुख इलाकों का पानी एक साथ आकर मिलता है, जिसके कारण बहाव की गति अत्यंत तीव्र हो जाती है। करीब नौ फुट गहरे इस नाले के जंक्शन बॉक्स को अब विशेष रूप से डिजाइन किए गए लोहे के कवर से ढका जा रहा है। नाले की सफाई के दौरान इस जाल को आसानी से खोला जा सकेगा।

इसे दोबारा लॉक कर दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस चौकी के पीछे वाले हिस्से में भी सफाई के लिए अलग से बॉक्स बनाने की योजना है। सुरक्षा इंतजामों को और पुख्ता करने के लिए नगर निगम नाले के दूसरी ओर करीब डेढ़ फुट ऊंची सुरक्षा दीवार का निर्माण भी करा रहा है। नाले पर स्लैब डालने और अन्य खुले हिस्सों को पत्थर से पाटने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। ठेकेदार के अनुसार रविवार को जाल रखकर देखा तो छोटा निकला, नाप के अनुसार ठीक कर उसे सोमवार को लगाने काम किया जाएगा।


सेटेलाइट पर नाले के ऊपर स्लैब डालने का चल रहा काम। ● अमृत विचार

### कमेटी आज सौंपेगी जांच रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस स्टैंड के पास नाले में गिरकर ड्राइवर तौहीद की मौत के मामले में जांच अंतिम चरण में है। जांच कमेटी सोमवार को दोषियों की सूची के साथ अपनी विस्तृत रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपेगी। जांच अधिकारी के मुताबिक शुरुआती पड़ताल में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि पिछले साल निर्माण विभाग की निगरानी में हुई सफाई के दौरान ठेकेदार ने नाले का मैनहोल खोला था। कार्य पूरा होने के बाद ढकने की जहमत नहीं उठाई गई। अपर नगर आयुकत शशिभूषण राय का कहना है कि जांच में वह उन सभी पहलुओं को शामिल कर चुके हैं कि आखिर लंबे समय तक नाले का मैनहोन खुला क्यों रहा और विभाग के जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया।

# सोना निवेश के नाम पर महिला से 4.5 लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** सोना निवेश के नाम पर महिला से जेवर के साथ ही 4.5 लाख रुपये की ठगी कर ली। उसके बाद 20 लाख रुपये की और डिमांड की । पैसे नहीं देने पर आरोपी ने आत्महत्या की धमकी दी।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के भरतौल निवासी करिश्मा सिंह ने बताया कि गांव के ही रहने वाले शिवांजल चौहान उर्फ शिब्बू ने सोना निवेश में बड़े लाभ का लालच देकर 110 ग्राम सोना ले लिया। इसके बाद आरोपी ने धोखे से उनके दो गोल्ड कंगन और चेन भी हड़प लिए। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने अपना सोना वापस मांगा तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी, बाद में अतिरिक्त धन की मांग करने लगा। आरोप है कि अलग-अलग खातों में करीब 4.5 लाख रुपये भी ट्रांसफर करा लिए। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने 20 लाख रुपये की और मांग की। मांग पूरी नहीं करने पर वह आत्महत्या की धमकी देने लगा। महिला की तहरीर पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### मोबाइल लूट में पांच आरोपी गिरफ्तार

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज पुलिस ने मोबाइल लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट के मोबाइल बरामद किए है। आरोपियों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि 27 मार्च को अभयपुर भोजीपुरा निवासी शाहिद अपनी बहन, पत्नी और पिता के साथ फतेहगंज पश्चिमी शादी का सामान खरीदने ई रिक्शा से जा रहे थे। बाइक सवार दो बदमाश उसकी बहन का मोबाइल छीन भाग गए थे। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर दो मोबाइल व बाइक बरामद की। दोनों ने अपने नाम शिवम कश्यप, सुमित कश्यप निवासी परसाखेड़ा गोटिया बताए। वहीं तीन आरोपियों को बंडिया गांव नहर की पुलिया से गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन मोबाइल व एक बाइक बरामद की है। आरोपियों ने अपने नाम अशोक उर्फ नैनी , सोनू निवासी रसूलपुर चौधरी और फैज अली खान निवासी परसाखेड़ा बताया। बरामद मोबाइलों में एक मोबाइल 26 मार्च को परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री से ड्यूटी कर अपने घर लौट रही महिला का है।

# पाम संडे पर शहर में निकला भव्य जुलूस, गिरजाघरों में हुई प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पाम संडे का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु मसीह के येरूशलेम में विजय प्रवेश की स्मृति में क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च सहित शहर के विभिन्न चर्चों में विशेष आराधना सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

रविवार सुबह 10 बजे क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में आराधना सभा की अगुवाई पादरी सुनील मसीह ने की। इस दौरान खजूर की डालियों के साथ प्रभु के स्वागत का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। बाइबल पाठ पादरी नंदा ने किया, जबकि चर्च क्वायर, संडे स्कूल के बच्चों और कुमारी जोएना मैसी सहित अन्य सदस्यों ने गीत प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

विशेष अतिथि के रूप में दिल्ली से आए डॉ. विंसेंट बेंजामिन ने पाम संडे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभु यीशु ने नम्रता और विश्वास का संदेश दिया तथा कठिन समय में प्रार्थना को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने लोगों से जीवन में ईश्वर के प्रति कृतज्ञता और आस्था बनाए रखने का आह्वान किया।

बरेली चर्चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में साल्वेशन आर्मी चर्च से भव्य जुलूस निकाला गया, जो कचहरी, चौकी चौराहा, चर्च रोड होते हुए क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च पहुंचा। जुलूस में श्रद्धालु खजूर की डालियां लेकर प्रभु की स्तुति करते हुए शामिल हुए। चर्च परिसर में आयोजित सामूहिक प्रार्थना सभा में बिशप इग्नेशियस डिसूजा ने सभी को आशीष प्रदान की। चर्च को खजूर की डालियों, मोमबत्तियों से आकर्षक रूप दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न चर्चों के पादरी, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आगामी दिनों में दुःख भोग सप्ताह के अंतर्गत विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी।



पाम संडे पर आयोजित जुलूस में शामिल बिशप इग्नेशियस डिसूजा व मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार

● प्रभु यीशु के विजय प्रवेश स्मृति में जुलूस में उमड़े श्रद्धालु

● खजूर की डालियों से किया स्वागत, दिखा उत्साह

### डॉ. अनीस बेग ने जुलूस का किया स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अनीस बेग ने अपने समर्थकों के साथ ''पाम संडे'' पर ईसाई समाज की ओर से निकाले गए जुलूस का दामोदर स्वरूप पार्क पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बरेली की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी धर्मों के त्योहार हमें प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हैं। जुलूस का नेतृत्व कर रहे बिशप इग्निशियस, जुलूस इंचार्ज परमिंदर मैसी, बरेली चर्च एसोसिएशन के अनिल मैसी, विलियम सैमुअल और जलाल मैसी, संजय पॉल, मेलविन चार्ल्स, अशर्फी लाल सहित अन्य धर्मगुरुओं ने डॉ. अनीस बेग की सराहना की। स्वागत करने वालों में सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी, महिला सभा की जिला अध्यक्ष स्मिता यादव, खुसरो मिर्जा, राजेश यादव, डालचंद, आशीष मेसी, तरुण जोसेफ, हर्ष मेसी सोनू, मेसी आदि शामिल रहे।




# मेले से लापता बच्चियां इज्जतनगर क्षेत्र से बरामद

**बरेली, अमृत विचार:** सिकलापुर में शनिवार की रात मेला देखने गईं चार बच्चियां देर रात तक घर नहीं लौटीं। परिजनों के साथ पुलिस उनकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जिसमें दो बहनें अपने पिता के साथ जाती हुई दिखाई दीं, साथ में दोनों अन्य लड़कियां भी थीं। तड़के 4 बजे बारादरी पुलिस ने उन्हें इज्जतनगर क्षेत्र से बरामद कर लिया।

बारादरी थाना क्षेत्र के गंगापुर की रहने वाली राहुल की पत्नी नेहा ने बारादरी पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी 10 साल की बेटी रिद्धिमा व 7 वर्षीय बेटी महिमा सिकलापुर में मेला देखने गईं थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। पड़ोस के ही रहने वाले विजय कुमार की दो लड़कियां 10 वर्षीय नायरा व 8 साल की पलक भी साथ में थीं।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्ली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

# युवक पर चाकू से हमला, रेफर

**बरेली/मीरगंज:** थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया।घायल युवक की पहचान कस्बे के मोहल्ला अफसरयान निवासी तस्लीम हुसैन पुत्र रहमत हुसैन के रूप में हुई है। शनिवार रात तस्लीम किसी काम से हाईवे की ओर गया था, तभी उस पर हमला हुआ। स्थानीय लोगों ने घायल तस्लीम को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तस्लीम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया।

# छह माह में डेढ़ दर्जन से ज्यादा चोरियां, खुलासा एक का भी नहीं

**सीबीगंज, अमृत विचार:** सीबीगंज क्षेत्र में छह माह में डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

भारत हैवी इलेक्ट्रीकल लिमिटेड (भेल) में मैनेजर अभिषेक कुमार के सीबीगंज की आईटीआर कालोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने बीस लाख रुपये से अधिक के आभूषण आदि सामान चोरी कर लिया था। इससे पहले 24 फरवरी को जौहरपुर निवासी योगेश शर्मा के मकान का ताला तोड़कर चोर आभूषण आदि सामान ले गए। 6 मार्च को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर निवासी नरेश जुनेजा की परसाखेड़ा स्थित एसजे फैक्ट्री से चोरों ने तार आदि सामान चोरी कर लिया था। 28 फरवरी की रात नदोसी निवासी रिटायर्ड इंजीनियर नरेश बाबू गंगवार के घर से 49 हजार रुपए, मोबाइल आदि सामान चोरी कर लिया गया। 27 जनवरी की रात सनईया रानी निवासी सुनील प्रसाद सिंह के मकान का ताला तोड़कर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। 18 दिसंबर की रात मथुरापुर निवासी इश्तियाक के घर का ताला तोड़कर आभूषण समते सामान चोरी कर लिया था। 8 दिसंबर की रात वीना मिश्रा पत्नी स्व वीरेंद्र कुमार के घर से नगदी,जेवर चोरी कर लिया गया। 20 अक्टूबर की रात गांधीपुरम निवासी मनीष खंडेलवाल की रामपुर रोड महेशपुर स्थित बाइक एजेंसी से चोरों ने चार लाख रुपये, चांदी के सिक्के आदि सामान चोरी कर लिया था।

## सिटी ब्रीफ

### अनदेखी से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे भूमि विवाद

**बरेली, अमृत विचार :** मानवाधिकार संरक्षण एवं विकास फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने रविवार को शास्त्री नगर में जिलाध्यक्ष कौसर खान वारसी की अध्यक्षता में बैठक की। राष्ट्रीय सचिव डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कृषि भूमि के विवाद देखने का जिम्मा नायब तहसीलदार को दिया है, लेकिन नायब तहसीलदार फील्ड में नहीं जाते हैं जिससे भूमि विवाद बढ़ रहे हैं। सरकारी भूमि पर कब्जे, चक रोड, तालाबों पर कब्जे हो रहे हैं। उन्होंने लेखपालों पर झूठी रिपोर्ट अधिकारियों को देकर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। बैठक में एसके सक्सेना, संतोष कुमार, एसके सिंह, रफातअली, एस नासार इमाम, कुमार पारस आदि मौजूद रहे।

### महेश कुमार आर्य प्रधान और आचार्य ओमकार बने मंत्री

**बरेली, अमृत विचार :** रविवार को आर्य समाज बिहारीपुर में दि कमेटी आर्य समाज अनाथालय की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से महेश कुमार आर्य को प्रधान, आचार्य ओमकार आर्य को मंत्री और अखिलेश रायजादा को कोषाध्यक्ष चुना गया। तीन उप-प्रधानों सहित कुल 21 पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित कमेटी ने गुरु विरजानंद सांगोपांग वेद गुरुकुल को और अधिक कुशलता से संचालित करने का संकल्प लिया। दीपक गोयल ने कन्या गुरुकुल खोलने का प्रस्ताव रखा।

# व्यापार संभालें, पर एक बच्चे को राजनीति में जरूर लाएं

## वैश्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने वैश्य परिवारों से की राजनीति में बड़ी भागीदारी की अपील


कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय वैश्य महासभा के वैश्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में वैश्य समाज की राजनीतिक और सामाजिक एकजुटता का शंखनाद किया गया। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को संभालने वाला वैश्य समाज अनेकों उपवर्गों में बंटे होने के कारण अपनी राजनीतिक ताकत खो रहा है। कहा देश कि लगभग 10 प्रतिशत आबादी वैश्य समाज की है, लेकिन उपवर्गों में बिखराव के चलते समाज को वह प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है जिसका वह हकदार है। सभी उपवर्गों को एक छतरी के नीचे आकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने का अब समय आ गया है।

पीलीभीत बाईपास रोड स्थित एक बरातघर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने मंच से बेहद महत्वपूर्ण और दूरगामी अपील करते हुए समाज के लोगों से कहा कि व्यापार संभालना अच्छी बात है, लेकिन अपने परिवार के कम से कम एक बच्चे को राजनीति में अवश्य लाएं। उन्होंने तर्क दिया कि जब तक समाज के युवा राजनीतिक प्लेटफॉर्म पर सक्रिय नहीं होंगे, तब तक हमारी बात उतनी बुलंदी से नहीं सुनी जाएगी। राजनीति में सक्रिय भागीदारी ही वह रास्ता है जिससे कोई भी दल वैश्य समाज की अनदेखी नहीं कर सकेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अन्य दल केवल परिवारवाद की राजनीति करते हैं, जबकि भाजपा ने हमेशा व्यापारियों को सम्मान दिया है। उन्होंने दो टूक कहा कि हम अपनी हिस्सेदारी पर कोई समझौता नहीं करेंगे और इसके लिए भाजपा से ही उम्मीद है।



वैश्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते मंत्री नितिन अग्रवाल। ● अमृत विचार



वैश्य महासभा के महासम्मेलन में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

- पीलीभीत बाईपास रोड स्थित एक बरात घर में वैश्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित
- आबकारी मंत्री ने 10 प्रतिशत आबादी के हिसाब से राजनीति में हिस्सेदारी का किया दावा

### वोट हमारा, राज तुम्हारा... अब नहीं चलेगा

इस महासम्मेलन ने सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। मंच पर समाज के कैबिनेट मंत्री, कद्दावर विधायक और दिग्गज व्यापारी नेताओं की एक साथ मौजूदगी केवल सामाजिक मिलन नहीं, बल्कि बड़ा शक्ति प्रदर्शन थी। जिस तरह आबकारी मंत्री ने हर परिवार से ''एक बच्चा राजनीति में'' उतारने की बात कही, वह आने वाले समय में वैश्य समाज की नई और आक्रामक लीडरशिप तैयार करने का संकेत है। मंच से दी गई ''100 सीटों'' की चेतावनी ने भी साफ कर दिया है कि वैश्य समाज अब केवल पर्दे के पीछे रहकर चुनाव लड़ाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सियासत में अपनी जनसंख्या के अनुपात में पूरी हिस्सेदारी मांग रहा है।

कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने बरेली को व्यापारियों की एकजुटता का केंद्र बताकर कहा कि प्रतिनिधित्व अब भी जनसंख्या के अनुपात में काफी कम है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के भरोसे के कारण ही उत्तर प्रदेश में समाज के 38 विधायक और तीन सांसद हैं। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा चुनावों में यदि राजनीतिक दलों ने पर्याप्त टिकट नहीं दिए, तो वैश्य समाज 100 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने से पीछे नहीं हटेगा।

समारोह में समाज की छह प्रमुख विभूतियों डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, धर्मेंद्र गुप्ता, गोपेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, राजीव अग्रवाल और जय नारायण गुप्ता को ''वैश्य रत्न'' सम्मान से नवाजा गया। संचालन पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेश जसोरिया ने किया, जबकि संयोजन समित अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल और विपिन गुप्ता ने किया। महासम्मेलन में राष्ट्रीय महामंत्री संजीव वार्ष्णेय, राजेंद्र खंडेलवाल, अवधेश अग्रवाल, राकेश कुमार वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, कैलाश मित्तल, दिलीप गुप्ता ,ईशान गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुशील मित्तल, महावीर जायसवाल, नवनीत, अमरीश, मुकेश अग्रवाल अंजनी गुप्ता, अंकुश राज आदि उपस्थित थे।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने मंत्री नितिन अग्रवाल का किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का भव्य स्वागत किया। मंत्री नितिन ने राशि पाराशरी को महिला इकाई की जिला अध्यक्ष, अंकिता भाटिया को महिला इकाई महानगर अध्यक्ष, आयुष सक्सेना को युवा महानगर अध्यक्ष और लाइफ आर्ट एक्सपर्ट विशेष कुमार को मुख्य सलाहकार के रूप में नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संरक्षक डॉ मोहित अग्रवाल, डॉ पवन सक्सेना,अखिलेश सिंह, सचिन खंडेलवाल, विजय गुप्ता, कौशिक गंगवार, विश्वभर दयाल गुप्ता, शानू गुप्ता, अमित शर्मा, रतन गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, हनी यादव मौजूद रहे।

# पंचायती राज विभाग की सुस्ती से 20 करोड़ का बजट डंप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वित्तीय वर्ष में 15वें और पंचम वित्त की भारी-भरकम राशि नहीं हो सकी खर्च
- दो दिन में लैप्स हो जाएगा बजट खाली हाथ रह जाएंगी बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतें

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त हाने को है लेकिन पंचायती राज विभाग की सुस्ती के कारण विकास कार्यों के लिए आवंटित बड़ी धनराशि अधर में लटकी नजर आ रही है। जिले की 1188 ग्राम पंचायतों के विकास के लिए भेजा गया लगभग 20 करोड़ रुपये का बजट विभाग के खातों में डंप पड़ा है। मार्च क्लोजिंग के साथ ही बजट लैप्स हो जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक यह भारी-भरकम राशि 15वें और पंचम वित्त आयोग के तहत प्राप्त हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, स्वच्छता और जलापूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को गति देना था। हालांकि, समय रहते उचित कार्ययोजना न बन पाने और प्रशासनिक स्तर पर देरी के चलते यह बजट अब तक खर्च नहीं हो सका है। नियमों के अनुसार, वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि यानी 31 मार्च तक यदि विकास के कार्यों के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया जाता, तो बजट स्वतः लैप्स मान लिया जाता है। विभाग के पास अब केवल दो दिन का समय बचा है, जिसमें तकनीकी प्रक्रियाओं और कागजी कार्रवाई को पूरा कर इतनी बड़ी रकम खपाना नामुमकिन लग रहा है। ऐसे में बजट का हाथ से जाना तय है।

# आदित्य नारायण के गीतों ने बांधा समां



गीत गाते आदित्य नारायण।



आदित्य नारायण के गीतों पर झूमतीं कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- केसीएमटी की 25वीं वर्षगांठ पर करिज्मा स्टार नाइट आयोजित

**अमृत विचार:** केसीएमटी ग्रुप के खंडेलवाल कॉलेज के 25वें स्थापना दिवस पर रविवार की रात करिज्मा स्टार नाइट में बॉलीवुड सिंगर आदित्य नारायण ने अपने सुरों से समां बांध दिया। उन्होंने केसरिया तेरा इश्क है पिया, जरा सी दिल में जगह, जरा सा अपना ले तू बना, तू मेरा कोई न होके भी कुछ लागे, किया रे जो भी तूने कैसे किया रे, ठोको सलाम ठोको, देखो सुबह शाम, जैसे एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। आदित्य नारायण ने माहौल को उत्साह और जोश से भर दिया।

फैशन शो में रैंप पर विद्यार्थियों ने अपने अंदाज और स्टाइल से सबका ध्यान खींचा। सांस्कृतिक संध्या में संगीत और नृत्य के रंग बिखरे। पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। लकी ड्रॉ के जरिए बंपर इनाम जीतने का मौका भी मिला। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के अलावा समाजसेवी और शहर के प्रमुख व्यापारी भी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था के चेयरमैन गिरधर गोपाल, प्रबंध निदेशक विनय खंडेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुम्भार और प्राचार्य डॉ. आरके सिंह ने किया।

### इमामबाड़ा वसी हैदर में मजलिस का आयोजन, रंजो-गम का किया इजहार

**बरेली, अमृत विचार :** सऊदी अरब के मदीना ए मुनव्वरा शहर के जन्नत उल बकी कब्रिस्तान में रसूल ए खुदा की बेटी फात्मा जहरा के रौजा ए मुबारक की शहादत (ध्वस्तीकरण) पर शनिवार को मोहल्ला गढ़य्या के इमामबाड़ा वसी हैदर में कारवां ए अदब ने मजलिस का आयोजन किया। शिया आसफी जमा मस्जिद के इमाम ए जुमा मौलाना हसीन हैदर नकवी ने कहा कि सऊदी अरब के शासक मोहम्मद बिन अब्दुल वहाब नजदी ने मजारात को बिदअत व गैर इस्लामी बताते हुए रसूल ए खुदा की बेटी फात्मा सहित अन्य सहाबियों के रौजा ए मुबारक को शहीद (ध्वस्त) कर दिया, तब से लेकर आज तक हर साल इस्लामी माह शववाल की 8 तारीख को शिया समुदाय के लोग गहरे रंज ओ गम का इजहार करते हैं। मजलिस के बाद कारवां ए अदब की ओर से एहतेजाज भी किया। संस्था प्रमुख समर अब्बास जैदी, मौलाना हसीन हैदर नकवी, ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट कलीम हैदर नकवी ने रंजो गम का इजहार किया।

# कॉमेडियन वीआईपी, बैंड ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



14वीं वर्षगांठ पर केक काटते रिटेल डायरेक्टर संजीव सरीन व अन्य। ● अमृत विचार

- 14 वीं वर्षगांठ पर फीनिक्स मॉल में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**अमृत विचार :** फीनिक्स मॉल ने स्थापना के 14 वर्ष पूरे होने का जश्न बेहद उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम का आगाज केक कटिंग समारोह से हुआ, जिसमें मॉल के विजिटर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खास शाम को यादगार बनाने के लिए मशहूर कॉमेडियन 'वीआईपी' ने मिमिक्री और लाइव एक्ट से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। 'मिशक' बैंड की लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया।

मॉल के 14 साल के सफर पर खुशी जताते हुए फीनिक्स मिल्स के रिटेल डायरेक्टर (नॉर्थ) संजीव सरीन ने कहा कि यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बरेली के लोगों के साथ बना एक गहरा भावनात्मक रिश्ता है। खरीदारी के बीच परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचे लोगों ने देर शाम तक संगीत और मनोरंजन का आनंद लिया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेन विद्यार्थी ने कहा कि फीनिक्स मॉल शहरवासियों के लिए केवल एक शॉपिंग डेस्टिनेशन नहीं, बल्कि खुशियां और खास पल साझा करने का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। विशिष्ट अतिथि सोशल एक्टिविस्ट पारुल धवन मलिक रहे।

### सीता रसोई ने कपड़ा वितरण शिविर लगाया

**बरेली, अमृत विचार :** सीता रसोई की ओर से रविवार को बरेली कॉलेज गेट के पास कपड़ा वितरण शिविर का आयोजन हुआ। सेवादार हर्ष अग्रवाल ने बताया कि शिविर में सूट, पैंट, जूते-चप्पल व दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी जरूरतमंदों को वितरित की गईं। सीता रसोई भवन रामपुर गार्डन में पुस्तक मेले का आयोजन भी किया, जिसमें अनुराग मेहरोत्रा और सौरभ धींगरा का सहयोग रहा। इसमें प्रथम कक्षा से लेकर एमबीबीएस तक की पुस्तकें निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। शिविर का उद्घाटन नरेश भाटिया ने किया। रमेश चंद्र अग्रवाल, अमित गुप्ता, प्रभात किशोर अग्रवाल, अशोक गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राजीव सक्सेना मौजूद रहे।

# युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंडलीय संयुक्त निदेशक (प्रशि./शिक्षु.) कार्यालय की स्थापना के लिए मिली मंजूरी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को भूमि उपलब्ध कराने समेत कई योजनाओं पर काम करा रही है। युवाओं को उद्योग चलाने के लिए दक्ष करने के लिए भी योजना है। इसके लिए मंडल के बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में प्रशिक्षण कार्यालय खोले जाएंगे। सरकार ने मंडल मुख्यालय पर मंडलीय संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिक्षुता) कार्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

नवीन कार्यालय का निर्माण सीबीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कराया जाएगा। निर्माण की जिम्मेदारी सीएंडडीएस उप्र जल निगम को सौंपी गयी है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता अनुभाग के संयुक्त सचिव मनोज वर्मा ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। इसका निर्माण करीब 1.52 करोड़ की लागत से किया जाएगा। 1.50 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी कर दी है।

# श्रीराम के आदर्शों का पालन कर समाज के लिए करें कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्व हिंदू परिषद के रामोत्सव के तहत महानगर के पांच प्रखंड में रविवार को हुए कार्यक्रम

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के रामोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में बरेली महानगर में रविवार को पांच कार्यक्रम आयोजित किए गए। मालवीय प्रखंड, प्रताप नगर प्रखंड, दीनदयाल नगर प्रखंड एवं शिवाजी नगर प्रखंड में हुए कार्यक्रमों में श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए समाज के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया।

मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से स्टेडियम रोड स्थित सभागार में हुए कार्यक्रम में वक्ता विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह राणा ने कहा कि भगवान राम ने समाज के सामने एक आदर्श स्थापित करने व पिता के वचन का मान रखने के लिए वनवास स्वीकार किया, इसीलिए संपूर्ण हिंदू समाज का ये दायित्व बनता है कि हम सभी भगवान राम के आदर्शों का पालन करते हुए समाज के लिए कार्य करें। विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम, आशु गोस्वामी, मनीष अग्रवाल, केशव गुप्ता, विपिन राठौर, सुनीता सिंह, विकास सोमवंशी, राजीव गुप्ता, भगवान स्वरूप, राजकुमार राजपूत, साधना सिंह, सरिता दीदी, तरुण कपूर, अंकित कुमार, राधा दिवाकर, गीता सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ...और गांधारी ने भी बांध ली आंखों पर पट्टी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- गांधारी ने अपने अंतर्मन, पीड़ा, संघर्ष और वैचारिक शक्ति को किया आत्मसात

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा के प्रेक्षागृह में रविवार की शाम शंकर शेष लिखित और विनायक श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित नाटक 'कोमल गांधार' का मंचन हुआ। महाभारत की पृष्ठभूमि पर आधारित इस नाटक में गांधारी के चरित्र को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया।

गांधारी को धृतराष्ट्र से विवाह के लिए गांधार से हस्तिनापुर लाया जाता है। गांधारी को पता चलता है कि धृतराष्ट्र अंधे हैं तो वह विवाह मंडप में इस दुनिया को नहीं देखने की प्रतिज्ञा के साथ आंखों पर पट्टी बांध लेती हैं और मन से दुखी और प्रतिशोध के कारण पट्टी खोलने से मना कर देती है। बाद में धृतराष्ट्र भीष्म से कहते हैं कि मेरे और गांधारी के बीच कोई भावात्मक सम्बन्ध नहीं हैं। भीष्म यह सुन चिंतित हो जाते हैं। क्योंकि धृतराष्ट्र के किसी दासी से संबंध हैं। डर है कि दासी से उत्पन्न पुत्र आगे चलकर सत्ता पर दावा न कर दे।

अगले दृश्य में शकुनि धृतराष्ट्र को समझाता है कि वो गांधारी से मिले और उत्तराधिकारी की बात करे। तब धृतराष्ट्र गांधारी से मिलते हैं । कुछ समय बाद दुर्योधन का जन्म हुआ। समय गुजरता है, गांधारी धृतराष्ट्र से कहती है कि वो दुर्योधन को पांडवों को पांच गांव देने के लिए समझाएं। दुर्योधन मना कर देता है और महाभारत के युद्ध में भीम से पराजित हो जाता है। एक सरोवर के किनारे मरणासन्न अवस्था में पड़े दुर्योधन से मिलने संजय के साथ गांधारी और धृतराष्ट्र जाते हैं। दुर्योधन गांधारी को उलाहना देता है कि उसने हम भाइयों के सिर पर कभी ममता का हाथ नहीं फेरा क्योंकि तेरे मन में इस वंश के प्रति क्रोध था। इसके बाद गांधारी और धृतराष्ट्र महल छोड़ जंगल में चले जाते हैं। जंगल में धृतराष्ट्र गांधारी से पट्टी खोलने को कहते हैं। गांधारी पट्टी खोल देती है। धृतराष्ट्र पूछते हैं कि जंगल में कहीं आग लगी है क्या ? दोनों धीरे धीरे उस आग में चले जाते हैं। नाटक यहीं पर समाप्त हो जाता है। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.शैलेश सक्सेना, डा.आशीष कुमार, डा.रीता शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



अमृत विचार
बरेली, सोमवार,30 मार्च 2026



## सिटी ब्रीफ

### ज्योति कलश यात्रा का किया स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** सेवा धाम कॉलोनी में रविवार को ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला। यात्रा के दौरान कॉलोनी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 1000 दीप जलाकर शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया। संचालन राजेंद्र ने किया। आयोजन में लीवार शर्मा की टोली ने अहम भूमिका निभाई।

### साइकिल रैली से दिया स्वस्थ रहने का संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र की ओर से रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट अभियान के तहत संडे ऑन साइकिलिंग का आयोजन हुआ। साइकिल रैली निकाली गई, जो धोपेश्वर नाथ मंदिर, कैंटोनमेंट अस्पताल, शास्त्री चौक आदि स्थानों से होकर वापस प्रशिक्षण केंद्र पर आकर समाप्त हुई। साइकिल रैली में केंद्र के कर्मचारी व सिक्योरिटी सर्विसेज एजेंसी के 10 सुरक्षाकर्मियों ने भाग लिया। उन्हें साइकिलिंग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। संतोष कुमार, प्रेम सिंह, वीरपाल, अबन कुमार, अशोक कुमार, सोमपाल, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों की मनमानी, महंगा कोर्स बड़ी परेशानी

## इस बार किताबों के दाम में 10 फीसदी का इजाफा, स्कूलों-प्रकाशकों के मकड़जाल में फंसे अभिभावक

**मिशन एडमिशन**




कार्यालय संवाददाता, बरेली



कोतवाली के सामने दुकान पर बच्चों के लिए कोर्स खरीदते अभिभावक। ● अमृत विचार



बिटिया के लिए नौवीं की किताबें लेने पहुंचे संजय सिंह। ● अमृत विचार

- किताबों की दुकानों पर बच्चों के साथ पहुंचने लगे अभिभावक

**अमृत विचार :** रिजल्ट मिलने के बाद मध्यम वर्गीय परिवारों को अपने बच्चों के लिए कोर्स खरीदने की चिंता बढ़ गई है। इस बार कोर्स की कीमत में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ गया है। कई स्कूलों में ड्रेस में बदलाव किए गए हैं। प्री एनसी से कक्षा एक तक के कोर्स की कीमत अभिभावकों के पसीना छुड़ा रही है। कुछ स्कूलों की प्री एनसी व केजी की किताबें तीन हजार से शुरू होकर पांच हजार रुपये तक में मिल रही हैं। जबकि नामचीन स्कूलों की किताबों का कोर्स दस हजार से भी अधिक है। सिविल लाइंस समेत कई स्थानों पर बुक स्टोर पर कोर्स खरीदने के लिए बच्चों के साथ अभिभावक पहुंचने शुरू हो गए हैं।

बुक स्टोरों पर प्री- एनसी, एनसी, केजी समेत कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि इस साल भी किताबों के दाम बढ़ गए हैं। किताब विक्रेताओं ने सिलेबस की किताबों के साथ कापियां समेत अन्य सामान भी देना शुरू कर दिया है। यदि अभिवावक सिर्फ किताब मांगते हैं तो दुकानदार उन्हें सिर्फ किताबें देने से मना कर देते हैं।

कुतुबखाना निवासी अनवार ने बताया कि उन्होंने बेटी अनाविया का एक निजी स्कूल में कक्षा एक में एडमिशन कराया है। जब वह किताबें लेने गए उन्हें 3810 रुपये का कोर्स मिला। स्कूल ड्रेस 1700 रुपये की अलग थी। राजेंद्रनगर के रहने वाले अब्दुल ने बताया कि उन्होंने संजय नगर स्थित एक कान्वेंट स्कूल में बेटे का एडमिशन कराया है। वहां एनसी के बच्चों की ड्रेस ही सिर्फ 3200 रुपये की है। फतेहगंज पश्चिमी के एक नामचीन स्कूल में कक्षा एक में बेटे का एडमिशन कराने के बाद बुक स्टोर पर कोर्स लेने पहुंचे चरन ने बताया कि बच्चे का कोर्स 8293 रुपये में आया है। किताबों के साथ एक किट भी दी गई थी, जो लेनी जरूरी थी। किताब और कॉपियों की कीमत 6970 थी। अन्य समान की कीमत 1303 रुपये थी।



इस वर्ष भी किताबों पर लगभग 10 प्रतिशत दाम बढ़ाए गए हैं। हर साल किताबों के कीमतों में कुछ न कुछ इजाफा हो जाता है। हालांकि, जिले में अलग- अलग स्कूलों की किताबों के दाम अलग-अलग है। **-सौरभ मेहरोत्रा**, पुस्तक विक्रेता




हर साल किताबों की कीमतें बढ़ती हैं, अभिभावकों पर बोझ बढ़ता जाता है। जब तक स्कूलों में एनसीईआरटी से पढ़ाई अनिवार्य नहीं होगी, यह गोरखधंधा चलता रहेगा। समाधान एक ही है। अभिभावक जागरूक हों और महंगे बुक सेट का बहिष्कार करें। **- अंकुर किशोर सक्सेना**, अध्यक्ष अभिभावक संघ

### जैसा स्कूल, वैसे किताबों के दाम

शहर के नामी स्कूलों की किताबें और महंगी हैं। वहीं सामान्य स्कूलों की किताबों के दाम कुछ कम थे। कैंट और हरुनगला के पास स्थित स्कूल कि किताबों के दाम कम थे। प्री-एनसी की किताबें 3000, एनसी की किताबें करीब 3500 और केजी की किताबें लगभग 4000 रुपये की हैं।

# बूथ प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएं कार्यकर्ता



प्रशिक्षण महाभियान में जोन सह संयोजक राजेंद्र भंडारी, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में बोले जोन सह संयोजक राजेंद्र भंडारी

**अमृत विचार:** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जनपद के संगठनात्मक तीनों जिलों के बूथों को मजबूत करने की कवायद के तहत दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान चलाया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन के गुर सिखाए।

सीबीगंज मंडल में रविवार को प्रशिक्षण वर्ग के समापन के मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के ( उत्तर प्रदेश, बिहार उत्तराखंड) जोन सह संयोजक राजेंद्र भंडारी (राजू) ने कहा कि बूथ प्रबंधन बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, सभी को जिम्मेदारी के साथ इस पर कार्य करना चाहिए। यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण एवं संगठन की मजबूती की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। कार्यक्रम में वन मंत्री डॉ अरुण कुमार, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट, गुलशन आनंद, पूरनलाल लोधी, बंटी ठाकुर, अजय मौर्या, सोमेश्वर शुक्ला, अमन गुप्ता, राजन श्रीवास्तव, योगेंद्र मिश्रा, मंडल पदाधिकारी व पार्षद आदि मौजूद रहे।

# ईरान-इजराइल युद्ध का दवाओं पर असर नहीं



जानकारी देते आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक डॉ. शरद अग्रवाल, साथ में डा. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. रविश अग्रवाल, डॉ. अनुप आर्य, डॉ. रवि मेहरा, डॉ. विमल भारद्वाज।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने पत्रकारों से की बातचीत

**अमृत विचार :** ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर दवाओं की आपूर्ति पर उठ रही आशंकाओं को खारिज करते हुए आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने कहा कि भारत में दवाओं और सर्जिकल उपकरणों की कोई कमी नहीं है। देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और किसी भी अंतर्राष्ट्रीय स्थिति का सीधा असर आमजन पर नहीं पड़ेगा।

उन्होंने रविवार को आईएमए हॉल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि दवाओं के दाम बढ़ सकते हैं जैसी खबरें भ्रम पैदा कर रही हैं। भारत में दवा उद्योग मजबूत है और जरूरत के अनुसार उत्पादन करने में सक्षम है। भारत दवा और सर्जिकल सामान विदेशों में भेजता है। कहा कि आईएमए बरेली हर वर्ष कुछ नया और रचनात्मक कार्य करती है। इससे मरीजों को फायदा भी पहुंचता है। हाल ही में आयोजित हिंदू नव वर्ष कार्यक्रम की सराहना करते हुए डॉ शरद ने कहा कि आयोजन भव्य और आकर्षक था। आईएमए यूपी के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. रवीश अग्रवाल, यूपी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रवि मेहरा, आईएमए बरेली अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. डीपी. गंगवार, सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. अनूप आर्य समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

# बैडमिंटन : बालिका वर्ग में आराध्या ने जीता खिताब

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के महानगर में चल रहे बैडमिंटन टूर्नामेंट में रविवार को सेमीफाइनल मुकाबले हुए। 70 प्लस और 40 प्लस वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले प्रभावित हुए। दोनों वर्गों में एक टीम के बाहर होने के कारण उनकी प्रतिद्वंदी टीमों को बाई मिलने के कारण सीधे फाइनल में पहुंच गईं। प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि दोनों वर्गों के शेष सेमीफाइनल मुकाबले सोमवार को होंगे। फाइनल मुकाबले 31 मार्च को होंगे। बालिका 12 से 18 आयु वर्ग के फाइनल में आराध्या ने आन्या को 21-13, 21-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सीनियर वर्ग एकल में रोहन ने राहुल को 21-16, 21-15 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। डॉ. सुनील शर्मा, हेमंत रावत, अविरल विरले, मनोज शर्मा, संजीव गुप्ता, प्रदीप सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, सतेंद्र यादव, क्षितिज, ग्रुप कैप्टन उमा कांत शर्मा, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, डॉ. नरेंद्र कुमार, सिद्धांत, प्रीति गर्ग आदि मौजूद रहे।

# रोलर स्केटिंग में वी पैंथर्स ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली में पहली जिला ओपन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश और बरेली रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से प्रथम जिला ओपन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। आरंभ मुख्य अतिथि इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव ने किया।

क्वॉड एवं इनलाइन श्रेणियों की प्रतियोगिताएं विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गई। वी पैंथर्स रोलर स्केटिंग अकादमी ने प्रथम, एएफएससी ने द्वितीय तथा हॉबीटाउन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बरेली में स्केटिंग के प्रति युवाओं का जोश और उत्साह अद्वितीय है। यह प्रतियोगिता बरेली के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाएगी। विशिष्ट अतिथि अभिषेक पांडे ने कहा कि पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर में भी आयोजन किए जाएंगे। क्षेत्र में स्केटिंग अभी प्रारंभिक अवस्था में है, परंतु सामूहिक प्रयासों से इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। संचालन जिला कोऑर्डिनेटर वरुण दीक्षित ने किया। परविंद कुमार, विनय कश्यप, चंदन कुमार, मोहित पंत, सुहानी, अर्जुन भंडारी, नीलांश झा, सुमित कुमार आदि उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 54 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता सोमवार से फ्यूचर यूनिवर्सिटी में होगी। प्रतियोगिता में 28 राज्यों के 600 खिलाड़ी शामिल होंगे।

रविवार को एक होटल में प्रेस वार्ता में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने ट्रॉफी का अनावरण किया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव एवं हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आनंदेश्वर पांडे ने कहा कि खेल प्रेमियों का उत्साह इस आयोजन को सफल बनाएगा। संयोजक मुकेश गुप्ता ने बताया कि उद्घाटन सोमवार को दोपहर 3 बजे होगा। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव फसील बेग, डॉ. स्वतंत्र कुमार, दिनेश गोयल, अनिल अग्रवाल, सुनील गुप्ता, भावेश अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, हरदीप ओबेरॉय, सचिव अंकुर किशोर सक्सेना उपस्थित रहे।



ट्रॉफी की लांचिंग करते वनमंत्री डा. अरूण कुमार व संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# श्री महावीर जन्म कल्याणक की तैयारी शुरू, शोभायात्रा आज

**बरेली, अमृत विचार:** श्री महावीर जन्म कल्याण की तैयारी शुरू हो गई है। महामहोत्सव के मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने बताया कि रविवार को ध्वजारोहण और आचार्य निमंत्रण कार्यक्रम हुआ। मध्य प्रदेश के चिचोली से आए संजय भैया सरस ने दुःख दरिद्र नाशक, ऋद्धि बुद्धि मनोकामना पूरक श्री महावीर विधान कराया। जबलपुर की रितिका जैन ने भजन सुनाए। सोमवार को भगवान महावीर स्वामी जी की प्रतिमा का अभिषेक किया जाएगा। शोभा यात्रा जैन मंदिर से बरेली कॉलेज, कुतुब खाना होते हुए बिहारीपुर जैन मंदिर पहुंचेगी। सत्येंद्र कुमार जैन एडवोकेट, धनंजय जैन, अतुल जैन, सुनील कुमार जैन, सतीश जैन आदि मौजूद थे।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें


इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.

*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था


# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की डॉ. ईशा ने जीता प्रथम पुरस्कार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जनरल सर्जरी विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. ईशा शाह ने अपने शोध विषय पर 15वें एआईआईएमएस सर्जिकल सप्ताह के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली की ओर से आयोजित कॉन्फ्रेंस एंडोसर्ज 2026 में उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। उनका शोध विषय ''सर्जिकल स्किल लैब्स एंड देयर इफेक्टिवनेस इन एनहांसिंग द कॉम्पिटेंसी ऑफ जनरल सर्जरी रेजिडेंट्स: ए रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल'' रहा।




डॉ. ईशा शाह।

इस उपलब्धि पर यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया व जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद सेठ ने डॉ. ईशा शाह को बधाई दी है।

# मीठे पेय पदार्थों का सेवन बच्चों के दांतों के लिए हानिकारक

**बरेली, अमृत विचार :** बच्चों में चॉकलेट, टॉफी, बिस्किट, केक और मीठे पेय पदार्थों का सेवन तेजी से बढ़ रहा है। स्वाद में अच्छे लगने वाले ये खाद्य पदार्थ बच्चों के दांतों के लिए अत्यंत हानिकारक बन रहे हैं।

अत्यधिक चीनी का सेवन दांतों में कई समस्याओं को जन्म दे रहा है। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों का कहना है कि जब बच्चे मीठी चीजें खाते हैं तो मुंह में मौजूद बैक्टीरिया उस चीनी को अम्ल (एसिड) में बदल देते हैं और यह अम्ल दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) को नुकसान पहुंचाता है। इसकी वजह से दांतों में कीड़ा लग जाता है।

बार-बार मीठा खाने से दांतों में छेद हो जाते हैं, उसी को कैविटी कहते हैं। छोटे बच्चों को रात में दूध में चीनी मिलाकर या मीठे पेय देने से आगे के दांत जल्दी खराब हो जाते हैं। लगातार एसिड के प्रभाव से दांत कमजोर हो जाते हैं और टूटने का खतरा बढ़ जाता है। यदि समय पर इलाज न मिले तो दांतों में दर्द, सूजन और संक्रमण हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक चीनी बैक्टीरिया को बढ़ावा देती है, जिससे मुंह से दुर्गंध आती है। विशेषज्ञों के अनुसार मीठी चीजों की मात्रा के साथ-साथ उसकी आवृत्ति भी कम करें। बच्चों को फल, सूखे मेवे और घर का बना पौष्टिक भोजन दें। दिन में दो बार फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट से ब्रश कराएं। छोटे बच्चों का ब्रश माता-पिता की निगरानी में कराएं। हर 6 महीने में दंत चिकित्सक से जांच करवाएं।

## सिटी डायरी

### कांग्रेस ओबीसी विभाग के भागीदारी सम्मेलन के लिए बैठक




**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस ओबीसी विभाग 19 अप्रैल को आईएमए हाल में 'सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन' का आयोजन करेगा। सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सामाजिक व पिछड़े वर्ग के चिंतक भाग लेंगे। प्रेमनगर धर्मकांटा स्थित कार्यालय पर रविवार हुई बैठक में जिलाध्यक्ष वंशीधर गंगवार ने कहा कि पिछड़ी जाति के लोग कांग्रेस से जुड़ें और अपने अधिकारों को जानें। नरेश कश्यप तजपुरा ने कहा कि भाजपा पिछड़ी जाति विरोधी है। पियूष प्रजापति और डा. दत्तराम गंगवार ने कहा कि युवाओं को नौकरी देने व उद्योग लगाने का कार्य कांग्रेस ने किया। गोपाल मौर्य, महानगर अध्यक्ष हरिओम शाक्य एडवोकेट ने संबोधित किया। सम्मेलन के आयोजक पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार ने बड़ी संख्या में लोगों से आने की अपील की। संचालन सलमान जमीर ने किया।

### अनन्या ने सरस्वती विद्या मंदिर ब्रजलोक में पाया प्रथम स्थान



**बरेली, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर ब्रजलोक में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। विद्यालय में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम की संचालित कक्षाओं में अनन्या अग्रवाल ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा-8 में स्पर्श पाण्डेय व अनन्या अग्रवाल, कक्षा-7 में योगराज कश्यप व समृद्ध शर्मा, कक्षा-6 में निखिल राठौर व शिवओम पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक कुमार वैश्य, मुख्य अतिथि डॉ. विनोद पागरानी, प्रधानाचार्य शिवओम शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये। नीरज सिंधूल, राकेश खण्डेलवाल, रामपाल सिंह, आशा खण्डूजा, विद्यालय परिवार एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### बिहारीपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिभाओं का सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर स्थित लाला हृदय नारायण गोयल सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में मेधावियों को सम्मानित किया गया। के मुख्य अतिथि भाजपा ब्रज क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी मनीष अग्रवाल ने समारोह आरंभ किया। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षाफल के साथ पुरस्कार प्रदान किए गए, वहीं अन्य बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें सांत्वना पुरस्कार भेंट किए गए। मुख्य अतिथि मनीष अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा का माध्यम है। विशिष्ट अतिथि पार्षद संजीव रस्तोगी, अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, रवि जौहरी, दिनेश शर्मा, मनीष, मनोज, बलवीर, अनिल सहित अभिभावक उपस्थित रहे।के प्रधानाचार्य और प्रबंध समिति के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

### सिद्ध बली शिव हनुमान मंदिर में माता की चौकी का आयोजन




**बरेली, अमृत विचार :** गांधी उद्यान के पास सिद्ध बली श्री शिव हनुमान मंदिर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। माता की आरती के बाद भंडारा हुआ। मुख्य अतिथि कैंट विधायक सजीव अग्रवाल ने मां का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। विश्व हिन्दू परिषद के विभागीय मंत्री देवेंद्र सिंह सोम आदि मौजूद रहे। हरि भरी कमेटी के कार्यकर्ता कृष्ण कुमार एडवोकेट, डॉ. संजय गुप्ता, सुशील वर्मा, हर्षद गुप्ता आदि का सहयोग रहा।